**R/P/P/2025/I**

प्रश्न-पुस्तिका क्र.
Question Booklet No.

2500112689

# सामान्य प्रश्न-पत्र, शिक्षण एवं शोध अभिवृत्ति
# General Paper on Teaching & Research Aptitude

**SET A**

प्रथम प्रश्न-पत्र (अनिवार्य)
Paper I (Compulsory)

नाम
Name

अनुक्रमांक
Roll No.

परीक्षार्थी अपना अनुक्रमांक दिए गए खानों में लिखें।
Candidate should write his/her Roll No. in the given boxes.

मुद्रित पृष्ठों की संख्या/No. of Printed Pages : 16 कुल प्रश्नों की संख्या/Total No. of Questions : 50

समय : 3 घण्टे प्रथम व द्वितीय प्रश्न-पत्र मिलाकर हल करने हेतु अधिकतम पूर्णांक/Maximum Marks : 100

Time Allowed : 3 Hours to complete both Ist and IInd question paper

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. यह प्रश्न-पुस्तिका दो भाषाओं-हिन्दी व अंग्रेजी में छपी है। परीक्षार्थी अपनी सुविधानुसार कोई भी एक भाषा चुन सकते हैं।
2. प्रत्येक प्रश्न में चार विकल्प हैं। प्रत्येक प्रश्न का केवल एक ही उत्तर सही है। उचित विकल्प चुनें और उत्तर-पत्रक (ओ.एम.आर. शीट) पर सम्बन्धित वृत्त को काले बॉल प्वॉइंट पेन से काला करें।
3. इस परीक्षा में दो प्रश्न-पत्र हैं जिसमें कुल मिलाकर 150 वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्न हैं तथा प्रत्येक प्रश्न 2 अंक का है। दोनों प्रश्न-पत्र व सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रत्येक सही उत्तर के लिए 2 अंक दिये जायेंगे। अनुत्तरित प्रश्न के लिये कोई अंक नहीं है। ऋणात्मक मूल्यांकन का प्रावधान नहीं है।

| | | |
|---|---|---|
| प्रश्न-पत्र I | सामान्य प्रश्न-पत्र | (प्रश्न संख्या 001-050) |
| प्रश्न-पत्र II | परीक्षार्थी द्वारा चयनित विषय का प्रश्न-पत्र | (प्रश्न संख्या 051-150) |

4. इस प्रश्न-पुस्तिका में पृष्ठों की संख्या आवरण पृष्ठ पर दर्शाई गई है। परीक्षार्थी को सलाह दी जाती है कि वे सुनिश्चित करें कि प्रश्न-पुस्तिका के सभी पृष्ठ ठीक से मुद्रित और जिल्दबंद हों। अन्यथा वे दूसरी प्रश्न-पुस्तिका तत्काल माँग लें।
5. कृपया उत्तर-पत्रक (ओ.एम.आर. शीट) पर निर्धारित स्थानों पर ही आवश्यक प्रविष्टियाँ करें, अन्य स्थानों पर नहीं।
6. परीक्षार्थी सभी रफ कार्य प्रश्न-पुस्तिका के निर्धारित स्थान पर ही करें, अन्यत्र कहीं नहीं तथा उत्तर-पत्र (ओ.एम.आर. शीट) पर भी नहीं।
7. यदि किसी प्रश्न में किसी प्रकार की कोई मुद्रण या तथ्यात्मक प्रकार की त्रुटि हो, तो प्रश्न के हिन्दी तथा अंग्रेजी रूपांतरों में से हिन्दी रूपांतर को मानक माना जाएगा।
8. किसी प्रकार का केल्कुलेटर, लॉग टेबल आदि का प्रयोग वर्जित है।
9. जब आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने का निर्देश दिया जाये उसके पश्चात् ही उत्तर-पत्रक (ओ.एम.आर. शीट) में उत्तर को चिन्हित करने के लिये केवल काले बॉल प्वॉइंट पेन का प्रयोग करें।
10. परीक्षा समाप्त होने के पश्चात् ओ.एम.आर. शीट वीक्षक को सौंपने के पश्चात् ही अभ्यर्थी कक्ष छोड़ेंगे।
11. उत्तर-पत्रक (ओ.एम.आर.) पर उत्तर देने से पहले दिए गए निर्देशों का पालन करना सुनिश्चित करें।

## INSTRUCTIONS TO THE CANDIDATES

1. **This Question Booklet is printed in two languages—Hindi and English. Candidates can select any one of the two languages according to their convenience.**
2. **Each question has four options. There is only one correct answer to each question. Choose the appropriate option and darken/blacken the corresponding circle on the Answer Sheet (OMR Sheet) with black point pen.**
3. **In this examination there are two question papers, consisting of 150 objective type questions and each question carries 2 marks. Both the question papers and all the questions are compulsory. Two (2) marks shall be awarded for each correct answer. Unanswered question will not be given any marks. There is no provisions for Negative Marking.**

| | | |
|---|---|---|
| **Paper I** | **General paper** | **(Q. No. 001-050)** |
| **Paper II** | **Question paper on the Subject opted by the examinee** | **(Q. No. 051-150)** |

4. **No. of pages consisting of this question booklet is indicated over the cover page. Candidates are advised to ensure that all the pages of Question Booklet are properly printed and binded. Otherwise they may demand the other Question Booklet.**
5. **Kindly make necessary entries on the Answer Sheet (OMR Sheet) only at the places indicated and nowhere else.**
6. **Examinee should do all rough work on the spaces meant for rough work on the pages given in the Question Booklet and nowhere else, not even on the Answer Sheet (OMR Sheet).**
7. **If there is any sort of mistake either of printing or of factual nature in any question, then out of the Hindi and English versions of the question, the Hindi version will be treated as standard one.**
8. **Use of any type of calculator, log table etc. are not allowed.**
9. **Use only black ball point pen to mark the answers in the Answer Sheet (OMR Sheet) only after you are instructed to open the Question Booklet.**
10. **Candidates will leave the Examination Hall only after handing over the Answer Sheet (OMR Sheet) to the Invigilator at the end of the examination.**
11. **Before answering on Answer Sheet (OMR Sheet) ensure to follow the instructions given for that.**

(SPACE FOR ROUGH WORK)

रफ़ कार्य के लिए जगह

mpcareer.in

1. In which of the following levels of teaching classroom environment required to be sufficiently 'open and independent' ?

(A) Memory level

(B) Understanding level

(C) Reflective level

(D) All of the above

2. What is the primary focus of Traditional Education ?

(A) Student centred learning

(B) Teacher centred learning

(C) Technology based learning

(D) Project based learning

3. According to Piaget's theory of cognitive development "children understand the new knowledge or concept with the help of old knowledge" is :

(A) Assimilation

(B) Accommodation

(C) Equilibration

(D) Schemas

1. निम्नलिखित कौनसे अध्यापन स्तर के लिए कक्षा का वातावरण 'खुला और स्वतंत्र' होना चाहिए ?

(A) स्मृति स्तर

(B) बोध स्तर

(C) चिंतनशील स्तर

(D) उपर्युक्त सभी

2. पारंपरिक शिक्षा का प्राथमिक उद्देश्य क्या है ?

(A) छात्र केंद्रित शिक्षा

(B) शिक्षक केंद्रित शिक्षा

(C) तंत्रज्ञान आधारित शिक्षा

(D) परियोजना आधारित शिक्षा

3. पियाजे के बौद्धिक विकास के सिद्धान्त के अनुसार "बच्चे नई संकल्पना या नया ज्ञान समझने के लिए अपने पुराने ज्ञान की मदद लेते हैं", यह है :

(A) आत्मसातीकरण

(B) समायोजन

(C) संतुलन

(D) अवधारणा

mpcareer.in

4. Which is the most significant approach of evaluation ?

(A) Continuous and Comprehensive Evaluation

(B) Conducting objective term end examination

(C) Maintaining cumulative records of students

(D) Semester system evaluation

5. RPWD (Rights of Persons with Disabilities) Act-2016 replaces which Act?

(A) National Trust Act - 1999

(B) Person with Disability Act -1995

(C) Right to Education Act - 2009

(D) Rehabilitation Council of India Act - 1992

6. Choose the wrongly matched pair from the following :

(A) When very less information about the research problem is available : Exploratory Research

(B) When there is a detailed study of a social situation, events, structure or system : Applied Research

(C) When there is application of statistical analysis and the measurement to calculate things : Quantitative Research

(D) When there is a detailed study of a social problem or event occurring in extended period of time : Longitudinal Research

4. निम्नलिखित में से कौनसा दृष्टिकोण मूल्यांकन के लिए सबसे अधिक महत्त्वपूर्ण है ?

(A) सतत् और व्यापक मूल्यांकन

(B) वस्तुनिष्ठ सत्रांत परीक्षा आयोजित करना

(C) छात्रों के संचित रिकॉर्ड बनाये रखना

(D) सेमेस्टर प्रणाली मूल्यांकन

5. विकलांग व्यक्तियों के अधिकार अधिनियम-2016 (दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम-2016) किस अधिनियम को पुनर्स्थापित करता है ?

(A) राष्ट्रीय न्यास अधिनियम - 1999

(B) विकलांग व्यक्ति अधिनियम - 1995

(C) शिक्षा का. अधिकार अधिनियम - 2009

(D) भारतीय पुनर्वास परिषद अधिनियम - 1992

6. निम्नांकित में से गलत युग्म का चयन कीजिए :

(A) जब शोध-समस्या के विषय में बहुत कम जानकारी उपलब्ध होती है : अन्वेषणी अनुसंधान

(B) जब सामाजिक स्थितियों, घटनाओं, संरचना या प्रणाली का विशद् अध्ययन करना होता है : व्यावहारिक अनुसंधान

(C) जब सांख्यिकीय विश्लेषण का प्रयोग एवं परिमाणात्मक मापन करना होता है : मात्रात्मक अनुसंधान

(D) विभिन्न समय में होने वाली घटना या सामाजिक समस्या का विस्तृत अध्ययन करना होता है : लम्बात्मक अनुसंधान

mpcareer.in

7. Choose the incorrect statement amongst the following :

(A) Positivism in social research means the study of social events on the basis of logic and religious principles.

(B) It is believed that Auguste Comte propounded positivism in social research.

(C) The Marxist ideology highly criticizes positivism.

(D) Some theories like symbolic interactionism, phenomenology and ethnomethodology were developed beyond positivist theory.

7. निम्नांकित में से असत्य कथन का चयन कीजिए :

(A) सामाजिक अनुसंधान में प्रत्यक्षवाद का अर्थ है – "सामाजिक घटनाओं का अध्ययन, तर्क और धार्मिक सिद्धांतों के आधार पर किया जाना ।"

(B) सामाजिक अनुसंधान में प्रत्यक्षवाद के प्रणेता, ऑगस्ट कॉम्टे को माना जाता है ।

(C) मार्क्सवादी विचार पद्धतियाँ प्रत्यक्षवाद की तीव्र आलोचना करती हैं ।

(D) प्रत्यक्षवाद के बाहर कुछ विचार पद्धतियाँ विकसित हुईं, जैसे कि प्रतीकात्मक अन्तर्क्रियावाद, घटनाक्रियावाद और लोकपद्धति विज्ञान ।

8. 'Modern Language Association Format' and 'American Psychological Association Format' are related to :

(A) Methods of report writing

(B) Research language and vocabulary

(C) Methods of data analysis

(D) Types of referencing and reference writing

8. 'आधुनिक भाषा संघ पद्धति' एवं 'अमेरिकी मनोवैज्ञानिक संघ पद्धति' किससे सम्बन्ध रखती हैं ?

(A) प्रतिवेदन लेखन पद्धतियों से

(B) शोध-भाषा एवं शब्दकोश से

(C) तथ्य विश्लेषण की पद्धतियों से

(D) उद्धरण या संदर्भ लेखन के तरीके से

9. Which among the following are the challenges during research report writing ?

(1) Challenge of language

(2) To identify the intellectual levels of masses and write report accordingly

(3) Challenge of expressing the truth

(4) Challenge to hide the identity of researcher and the research objectives

(5) Challenge to maintain objectivity

Choose the codes for the correct statements :

(A) 1, 2, 3, 4 (B) 1, 2, 3, 5

(C) 3, 4 (D) 1, 4, 5

10. Choose the correct sequence of the steps of Social Research (Research Process) from the following :

(1) Selection of variables

(2) Sample determination

(3) Data analysis

(4) Literature review

(5) Report writing

(6) Research problem formulation

(7) Hypothesis formulation

(8) Data collection

The code for the correct sequence is :

(A) 6, 4, 7, 1, 2, 8, 3, 5

(B) 4, 7, 6, 1, 2, 8, 3, 5

(C) 4, 6, 7, 2, 1, 3, 8, 5

(D) 6, 7, 4, 2, 1, 8, 3, 5

9. निम्नांकित में से कौनसी शोध प्रतिवेदन लेखन के समय सम्मुख आने वाली चुनौतियाँ हैं ?

(1) भाषा की चुनौती

(2) जनता के ज्ञान स्तर की जानकारी प्राप्त करना और इसी स्तर के अनुरूप लेखन करना

(3) सत्य को अभिव्यक्त करने की चुनौती

(4) अनुसंधानकर्ता की पहचान और शोध उद्देश्य को छुपाए रखने की चुनौती

(5) वस्तुनिष्ठता बनाए रखने की चुनौती

सही कथनों के कूट का चयन कीजिए :

(A) 1, 2, 3, 4 (B) 1, 2, 3, 5

(C) 3, 4 (D) 1, 4, 5

10. सामाजिक अनुसंधान में निम्नांकित चरणों (शोध प्रक्रिया) के सही क्रम का चयन कीजिए :

(1) चरों का चयन

(2) निदर्शन निर्धारण

(3) तथ्यों का विश्लेषण

(4) साहित्य समीक्षा

(5) प्रतिवेदन लेखन

(6) शोध-समस्या निर्धारण

(7) प्राक्कल्पना निर्माण

(8) सामग्री का संकलन

सही क्रम का कोड है :

(A) 6, 4, 7, 1, 2, 8, 3, 5

(B) 4, 7, 6, 1, 2, 8, 3, 5

(C) 4, 6, 7, 2, 1, 3, 8, 5

(D) 6, 7, 4, 2, 1, 8, 3, 5

mpcareer.in

**Direction (Q. Nos 11 to 15) :** Read the passage given below and answer the questions that follow by selecting the most appropriate option :

Higher education plays an extremely important role in promoting human as well as societal well-being and in developing India as envisioned in its constitution - a democratic, just, socially-conscious, cultured, and humane nation upholding liberty, equality, fraternity and justice for all. Higher education significantly contributes towards sustainable livelihoods and economic development of the nation. As India moves towards becoming a knowledge economy and society, more and more young Indians are likely to aspire for higher education. Given the 21st century requirements, quality higher education must aim to develop good, thoughtful, well-rounded and creative individuals. It must enable an individual to study one or more specialized areas of interest at a deep level, and also develop character, ethical and constitutional values, intellectual curiosity, scientific temper, creativity, spirit of service and 21st century capabilities across a range of disciplines including sciences, social sciences, arts, humanities, languages, as well as professional, technical and vocational subjects. For the purpose of developing holistic individuals, it is essential that an identified set of skills and values will be incorporated at each stage of learning from pre-school to higher education. At the societal level, higher education must enable the development of an enlightened, socially conscious, knowledgeable, and skilled

**निर्देश (प्रश्न क्रमांक 11 से 15) :** निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गये प्रश्नों के सर्वाधिक उचित उत्तर वाले विकल्प का चयन कीजिए :

उच्चतर शिक्षा मनुष्य और साथ ही सामाजिक कल्याण के विकास में अति आवश्यक भूमिका निभाती है। जैसा कि हमारे संविधान में भारत को एक लोकतांत्रिक, न्यायपूर्ण, सामाजिक रूप से सचेत, सांस्कारिक और मानवीय राष्ट्र जहाँ सभी के लिए न्याय, स्वतंत्रता, समानता और भाईचारे का भाव हो, एक ऐसे राष्ट्र के रूप में विकसित करने की परिकल्पना की गई है। एक राष्ट्र के आर्थिक विकास और आजीविकाओं को स्थायित्व देने में भी उच्चतर शिक्षा एक महत्त्वपूर्ण योगदान देती है। जैसे-जैसे भारत ज्ञान-आधारित अर्थव्यवस्था और समाज की ओर बढ़ता जा रहा है, वैसे-वैसे और अधिक भारतीय युवा उच्चतर शिक्षा की ओर बढ़ेंगे। इक्कीसवीं सदी की आवश्यकताओं को देखते हुए गुणवत्तापूर्ण उच्चतर शिक्षा का जरूरी उद्देश्य अच्छे, चिंतनशील, बहुमुखी प्रतिभा वाले रचनात्मक व्यक्तियों का विकास करना होना चाहिए। यह एक व्यक्ति को एक या एक से अधिक विशिष्ट क्षेत्रों में गहन स्तर पर अध्ययन करने में सक्षम बनाती है, और साथ ही चरित्र, नैतिक और संवैधानिक मूल्यों, बौद्धिक जिज्ञासा, वैज्ञानिक स्वभाव, रचनात्मकता, सेवा की भावना और विज्ञान, सामाजिक विज्ञान, कला, मानविकी, भाषा, साथ ही व्यावसायिक, तकनीकी और व्यावसायिक विषयों सहित विभिन्न विषयों में 21वीं सदी की क्षमताओं को विकसित करती है। व्यक्तियों के समग्र विकास के उद्देश्य के लिए यह आवश्यक है कि पूर्व-विद्यालय से उच्चतर शिक्षा तक, सीखने के प्रत्येक चरण में कौशल और मूल्यों का एक निर्धारित सेट शामिल किया जाएगा। सामाजिक स्तर पर, उच्चतर शिक्षा का उद्देश्य राष्ट्र को प्रबुद्ध, सामाजिक रूप से जागरूक, जानकार और सक्षम बनाना है जो अपने नागरिकों का उत्थान कर सके और

mpcareer.in

nation that can find and implement robust solutions to its own problems. Higher education must form the basis for knowledge creation and innovation thereby contributing to a growing national economy.

11. The main objective of higher education is not :
   (A) Disaster Management
   (B) Creation of thoughtful individuals
   (C) Development of well-rounded creative individuals
   (D) Social welfare

12. To attract youth towards higher education, it is necessary :
   (A) Excessive use of technologies
   (B) Development of knowledge based economy
   (C) Progress in business
   (D) Institutional autonomy

13. Which of the following statements is *false* ?
   (A) Higher education provides stability to economic development.
   (B) India has been envisioned in the constitution as a socially conscious nation.
   (C) The aim of higher education is intellectual development, not to provide livelihood.
   (D) None of the above

अपनी समस्याओं के लिए सशक्त समाधानों को ढूँढ़कर लागू कर सके । उच्चतर शिक्षा देश में ज्ञान निर्माण और नवाचार का आधार भी बनाती है और इसके चलते राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था के विकास में एक महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाती है ।

11. उच्चतर शिक्षा का मुख्य उद्देश्य नहीं है :
   (A) आपदा प्रबंधन
   (B) चिंतनशील व्यक्तियों का निर्माण
   (C) बहुमुखी प्रतिभा वाले रचनात्मक व्यक्तियों का विकास
   (D) सामाजिक कल्याण

12. उच्चतर शिक्षा की ओर युवाओं को आकर्षित करने के लिए आवश्यक है :
   (A) तकनीकों का अत्यधिक उपयोग
   (B) ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था का विकास
   (C) व्यापार में उन्नति
   (D) संस्थागत स्वायत्तता

13. निम्नलिखित में से कौनसा कथन **असत्य** है ?
   (A) उच्चतर शिक्षा आर्थिक विकास को स्थायित्व प्रदान करती है ।
   (B) संविधान में भारत की परिकल्पना सामाजिक रूप से सचेत राष्ट्र के रूप में की गई है ।
   (C) उच्चतर शिक्षा का उद्देश्य बौद्धिक विकास है, आजीविका प्रदान करना नहीं ।
   (D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

mpcareer.in

14. How does higher education contribute to the development of the national economy ?

(A) by protecting constitutional values

(B) by awakening the feeling of brotherhood

(C) by increasing moral strength

(D) by knowledge creation and innovation

15. What is necessary for the overall development of an individual ?

(A) Teaching of skills and values in a prescribed sequence from pre-school to higher education.

(B) Overall compliance with the standards set by constitution.

(C) Continuous development of intellectual curiosity and scientific temper.

(D) Excessive activity in social life.

16. The facial expression of students is related to which element of the communication process ?

(A) Message (B) Sender

(C) Channel (D) Receiver

14. राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था के विकास में उच्चतर शिक्षा किस प्रकार अपना योगदान देती है ?

(A) संवैधानिक मूल्यों की रक्षा करके

(B) भाईचारे का भाव जगाकर

(C) नैतिक बल बढ़ाकर

(D) ज्ञान निर्माण और नवाचार द्वारा

15. व्यक्ति के समग्र विकास के लिए क्या आवश्यक है ?

(A) पूर्व-विद्यालय से लेकर उच्चतर शिक्षा तक एक निर्धारित क्रम में कौशल एवं मूल्यों की शिक्षा ।

(B) संविधान द्वारा निर्धारित मानकों का समग्र अनुपालन ।

(C) बौद्धिक जिज्ञासा एवं वैज्ञानिक स्वभाव का निरंतर विकास ।

(D) सामाजिक जीवन में अतिशय सक्रियता ।

16. छात्रों के चेहरे का भाव संप्रेषण प्रक्रिया के किस तत्व से सम्बन्धित है ?

(A) संदेश (B) प्रेषक

(C) चैनल (D) प्राप्तकर्ता



mpcareer.in

17. Identify the technical term used to describe body language from the following :

(A) Proxemics

(B) Chronemics

(C) Kinesics

(D) Haptics

18. Which of the following is considered as an effective form of verbal communication ?

(A) Story-telling

(B) Sloganeering

(C) Use of high pitch of voice

(D) Monologues

19. The encoded message is transmitted through :

(A) Symbol (B) Message

(C) Channel (D) Sender

20. Effective communication can help the teachers to maximize the................in the classroom.

(A) Teaching outcomes

(B) Teaching input

(C) Learning outcomes

(D) Teaching-learning outcomes

17. निम्नलिखित में से देह भाषा (भाव-भंगिमा) का वर्णन करने के लिए प्रयुक्त तकनीकी शब्द कौनसा है ?

(A) निकटता

(B) कालक्रम

(C) गैर-मौखिक

(D) स्पर्शिक

18. निम्नलिखित में से किसे मौखिक संप्रेषण का एक प्रभावी रूप माना जाता है ?

(A) कहानी सुनाना

(B) नारेबाज़ी

(C) ऊँची आवाज का प्रयोग

(D) स्वगत भाषण

19. सांकेतिक संदेश किसके माध्यम से प्रसारित होता है ?

(A) प्रतीक (B) संदेश

(C) चैनल (D) प्रेषक

20. शिक्षकों की कक्षा में अधिकतम प्रभावी संप्रेषण करने में..................मदद कर सकता है ।

(A) अध्यापन परिणाम

(B) अध्यापन निवेश

(C) अध्ययन परिणाम

(D) अध्यापन-अध्ययन के परिणाम

mpcareer.in

21. What would be the value of the following ?

$$8\sqrt{15} \div 2\sqrt{3}$$

(A) $2\sqrt{5}$ (B) $4\sqrt{15}$

(C) $4\sqrt{5}$ (D) $2\sqrt{15}$

22. Consider the following number series :

0, 6, 24, 60, 120, X

What is the value of X ?

(A) 180 (B) 210

(C) 240 (D) 156

23. A book was sold for Rs. 27.50 with a profit of 10%. If it were sold for Rs. 25.75, then find the percentage of profit or loss.

(A) 4% (B) 10%

(C) 5% (D) 3%

24. Two boys A and B start at the same time to ride from Delhi to Meerut, 60 km away. A travels 4 km/hr slower than B. B reaches Meerut and at once turns back meeting A 12 km from Meerut. Find the speed of A.

(A) 8 km/hr

(B) 10 km/hr

(C) 9.7 km/hr

(D) 10.5 km/hr

21. निम्नलिखित का मान क्या होगा ?

$$8\sqrt{15} \div 2\sqrt{3}$$

(A) $2\sqrt{5}$ (B) $4\sqrt{15}$

(C) $4\sqrt{5}$ (D) $2\sqrt{15}$

22. निम्नांकित संख्या शृंखला पर विचार कीजिए :

0, 6, 24, 60, 120, X

X का मान क्या होगा ?

(A) 180 (B) 210

(C) 240 (D) 156

23. एक किताब 10% लाभ पर 27.50 रुपये में बेची जाती है । यदि इसे 25.75 रुपये में बेचा जाये, तो लाभ या हानि का प्रतिशत क्या होगा ?

(A) 4% (B) 10%

(C) 5% (D) 3%

24. दो लड़के A और B एक ही समय पर दिल्ली से मेरठ की यात्रा पर निकलते हैं, दिल्ली से मेरठ की दूरी 60 किमी. है; A, B की तुलना में 4 किमी. प्रति घंटा धीमी यात्रा करता है। B मेरठ पहुँचने के तुरंत बाद वापस लौटता है जो 12 किमी. दूर A से मिलता है । A की गति क्या होगी ?

(A) 8 किमी./घंटा

(B) 10 किमी./घंटा

(C) 9.7 किमी./घंटा

(D) 10.5 किमी./घंटा

mpcareer.in

25. If 'RAJU' is coded as 11-12-13-14 and 'JUNK' is coded as 13-14-10-9, then how will you code 'RANK' ?

(A) 9-10-11-12 (B) 10-11-12-9

(C) 11-12-10-9 (D) 12-11-10-9

26. A deductive argument is valid if and only if :


(A) The truth of the premises guarantees the truth of the conclusion.

(B) The conclusion cannot be false if the premises are true.

(C) Its premises are true and its conclusion logically follows.

(D) Its premises are true and its conclusion is false.

27. Which of the following mood and figure of a categorical syllogism is represented by this Venn diagram ?




(A) A00—4 (B) A11—2

(C) A10—3 (D) A11—3

25. यदि 'RAJU' को 11-12-13-14 से कोड किया गया है और 'JUNK' को 13-14-10-9 से कोड किया गया है, तो 'RANK' का कोड क्या होगा ?

(A) 9-10-11-12 (B) 10-11-12-9

(C) 11-12-10-9 (D) 12-11-10-9

26. एक निगमनात्मक युक्ति वैध है यदि और केवल यदि :


(A) आधारवाक्यों की सत्यता निष्कर्ष की सत्यता को आश्वासित करती है ।

(B) निष्कर्ष असत्य नहीं हो सकता यदि आधार-वाक्य सत्य हैं ।

(C) उसके आधारवाक्य सत्य हैं और उसका निष्कर्ष तार्किक रूप से उसका अनुसरण करता है ।

(D) उसके आधारवाक्य सत्य हैं और निष्कर्ष असत्य हैं ।

27. दिये गये वेन रेखाचित्र द्वारा निम्नलिखित में से कौनसी निरपेक्ष न्यायवाक्य की अवस्था और आकृति दर्शाई गई है ?




(A) A00—4 (B) A11—2

(C) A10—3 (D) A11—3

mpcareer.in

28. Which of the following uses of language refers to the directive function ?

(A) "Close the window."

(B) "All humans are mortal."

(C) "I feel happy today."

(D) "Some dogs are friendly."

29. Which of the following is *not* a necessary component of Anumāna Pramāṇa ?

(A) Hetu (reason)

(B) Pratyakṣa (Perception)

(C) Pakṣa (Subject)

(D) Vyāpti (Universal relation)

30. "Devadatta who is alive is not in the house. His non-existence in the house leads to the presumption that he is some where outside the house." The above example is the instantiation of which Pramāṇa ?

(A) Anupalabdhi (B) Anumāna

(C) Arthāpatti (D) Upamāna

31. What describes the difference between a population and a sample ?

(A) A sample is the entire data set.

(B) A population is same as a sample.

(C) A population is a subset of a sample.

(D) A sample is a subset of population.

32. Which of the following are methods of data classification ?

(A) Numerical, Categorical and Ordinal

(B) Primary, Secondary and Tertiary

(C) Discrete, Binary and Continuous

(D) Class Intervals, Quantitative and Qualitative

28. भाषा का निम्नलिखित में से कौनसा उपयोग निर्देशात्मक कार्य को संदर्भित करता है ?

(A) "खिड़की बंद कर दो ।"

(B) "सभी मनुष्य मरणशील हैं ।"

(C) "मैं आज खुशी महसूस कर रहा हूँ ।"

(D) "कुछ कुत्ते मिलनसार होते हैं ।"

29. निम्नलिखित में से कौनसा अनुमान प्रमाण का आवश्यक घटक नहीं है ?

(A) हेतु

(B) प्रत्यक्ष

(C) पक्ष

(D) व्याप्ति

30. "देवदत्त जो जीवित है वह घर में नहीं है । उसके घर में न होने से यह अनुमान लगाया जाता है कि वह घर के बाहर कहीं है ।" उपर्युक्त उदाहरण किस प्रमाण को दर्शाता है ?

(A) अनुपलब्धि (B) अनुमान

(C) अर्थापत्ति (D) उपमान

31. निम्नलिखित में से कौनसा समग्र और प्रतिदर्श के बीच का अन्तर परिभाषित कर रहा है ?

(A) प्रतिदर्श सम्पूर्ण आँकड़ों का समूह है ।

(B) समग्र प्रतिदर्श के समान है ।

(C) समग्र प्रतिदर्श का एक उपसमूह है ।

(D) प्रतिदर्श समग्र का एक उपसमूह है ।

32. निम्नलिखित में से कौनसी आँकड़ों के वर्गीकरण की विधियाँ हैं ?

(A) संख्यात्मक, श्रेणीबद्ध और क्रमिक

(B) प्राथमिक, द्वितीयक और तृतीयक

(C) असतत्, बाइनरी और सतत्

(D) वर्गान्तर, मात्रात्मक और गुणात्मक

33. Nominal measurement can be understood better with the help of the following examples :

(A) Measuring weight in kg

(B) Classification of gender as a male and female

(C) Measuring temperature in degree celsius

(D) Measuring height in inches

34. The Regression equation of Y on X is :

(A) $Y = a + \frac{b}{X}$ (B) $Y = a - bX$

(C) $Y = a + bX$ (D) $Y = ab + X$

35. What does type I error indicate in testing of a hypothesis ?

(A) The probability of rejecting a null hypothesis when it is true

(B) The probability of detecting a statistically significant effect when it does not exist.

(C) The probability of detecting a statistically significant effect when it exists.

(D) The probability of accepting a null hypothesis when it is false.

36. Wi-Fi is an example of :

(A) Wireless WAN Technology

(B) Wireless MAN Technology

(C) Wireless LAN Technology

(D) All of the above

33. नामांकिक माप को निम्नलिखित में से किस उदाहरण से बेहतर समझा जा सकता है ?

(A) वजन को किलोग्राम में मापना

(B) लिंग वर्गीकरण जैसे पुरुष और महिला

(C) तापमान डिग्री सेल्सियस में मापना

(D) ऊँचाई इंच में मापना

34. Y का X पर प्रतीपगमन समीकरण क्या होगा ?

(A) $Y = a + \frac{b}{X}$ (B) $Y = a - bX$

(C) $Y = a + bX$ (D) $Y = ab + X$

35. परिकल्पना के परीक्षण में प्रथम प्रकार की त्रुटि क्या दर्शाती है ?

(A) शून्य परिकल्पना अस्वीकार हो जाने की संभावना जबकि वह सत्य हो ।

(B) सांख्यिकीय रूप में महत्त्वपूर्ण प्रभाव का पता लगाने की संभावना जब वह मौजूद नहीं हो ।

(C) सांख्यिकीय रूप से महत्त्वपूर्ण प्रभाव का पता लगाने की संभावना जब वह मौजूद हो ।

(D) शून्य परिकल्पना स्वीकार हो जाने की संभावना जब वह गलत हो ।

36. वाई-फाई इसका एक उदाहरण है :

(A) वायरलेस WAN टेक्नोलॉजी

(B) वायरलेस MAN टेक्नोलॉजी

(C) वायरलेस LAN टेक्नोलॉजी

(D) उपर्युक्त सभी

mpcareer.in

37. When a file is transferred from a server to a computer, it is called :

(A) Executing a file

(B) Uploading a file

(C) Downloading a file

(D) Extracting a file

38. The windows utility program used for closing unresponsive program is :

(A) Task Manager

(B) Disk Manager

(C) File Explorer

(D) Library Explorer

39. In MS-Word a template :

(A) Provides a basic structure for a particular kind of document.

(B) Walks a user through the steps necessary to complete a complicated task.

(C) Groups a series of commands so that they will run as a single command.

(D) All of the above

40. A worm is a computer program that :

(A) replicates itself.

(B) is a form of malware.

(C) creates an image of itself in a file or at a particular location on the disk.

(D) All of the above

37. जब एक फाइल को सर्वर से कम्प्यूटर में स्थानांतरित किया जाता है, तो उसे कहा जाता है :

(A) एक फाइल का क्रियान्वयन

(B) फाइल अपलोड करना

(C) फाइल डाउनलोड करना

(D) एक फाइल निकालना

38. अनुत्तरदायी प्रोग्राम को बंद करने के लिए उपयोग किया जानें वाला विण्डोज यूटिलिटी प्रोग्राम है :

(A) टास्क मैनेजर

(B) डिस्क मैनेजर

(C) फाइल एक्सप्लोरर

(D) लाइब्रेरी एक्सप्लोरर

39. एम.एस.-वर्ड में एक टेम्प्लेट :

(A) किसी विशेष प्रकार के दस्तावेज के लिए एक बुनियादी संरचना प्रदान करता है ।

(B) एक जटिल कार्य को पूरा करने के लिए आवश्यक चरणों के माध्यम से एक उपयोगकर्ता का मार्गदर्शन करता है ।

(C) आदेशों की एक श्रृंखला समूहित करता है ताकि वे एक ही आदेश के रूप में चल सकें ।

(D) उपर्युक्त सभी

40. वोर्म एक कम्प्यूटर प्रोग्राम है, जो :

(A) स्वयं को दोहराता है ।

(B) मालवेयर का एक रूप है ।

(C) फाइल में या डिस्क पर किसी विशेष स्थान पर स्वयं की छवि बनाता है ।

(D) उपर्युक्त सभी

mpcareer.in

**41.** Among the following fuels of energy, which is the most environment friendly ?

(A) Biogas (B) CNG

(C) Hydrogen (D) Ethanol

**42.** What was the target year for achieving the 'Millennium Development Goals (MDGs)' ?

(A) 2009 (B) 2012

(C) 2015 (D) 2018

**43.** Match List I and List II and identify the correct code :

| | List I | | List II |
|---|---|---|---|
| (a) | Podzolization | (i) | Warm and humid climate |
| (b) | Laterization | (ii) | Cold and humid climate |
| (c) | Salinization | (iii) | In arid and semi-arid regions |

**Codes :**

(A) (a) - (ii), (b) - (i), (c) - (iii)

(B) (a) - (i), (b) - (ii), (c) - (iii)

(C) (a) - (iii), (b) - (ii), (c) - (i)

(D) (a) - (iii), (b) - (i), (c) - (ii)

**44.** The cyclone 'Hud-Hud' hit the coast of which state ?

(A) Andhra Pradesh

(B) Karnataka

(C) Kerala

(D) Gujarat

**41.** निम्नलिखित ऊर्जा ईंधनों में से कौनसा सबसे पर्यावरण अनुकूल है ?

(A) बायोगैस (B) सी.एन.जी.

(C) हाइड्रोजन (D) ईथेनोल

**42.** 'मिलेनियम डेवलपमेन्ट गोल्स (MDGs)' को प्राप्त करने का लक्ष्य वर्ष क्या था ?

(A) 2009 (B) 2012

(C) 2015 (D) 2018

**43.** सूची I और सूची II का मिलान कीजिए और सही कूट की पहचान कीजिए :

| | सूची I | | सूची II |
|---|---|---|---|
| (a) | पोडजोलाइजेशन | (i) | गर्म और आर्द्र जलवायु |
| (b) | लैटेराइजेशन | (ii) | ठंडी और आर्द्र जलवायु |
| (c) | सैलिनाइजेशन | (iii) | शुष्क और अर्द्धशुष्क क्षेत्रों में |

**कूट :**

(A) (a) - (ii), (b) - (i), (c) - (iii)

(B) (a) - (i), (b) - (ii), (c) - (iii)

(C) (a) - (iii), (b) - (ii), (c) - (i)

(D) (a) - (iii), (b) - (i), (c) - (ii)

**44.** चक्रवात 'हुद-हुद' किस राज्य के तट से टकराया ?

(A) आन्ध्र प्रदेश

(B) कर्नाटक

(C) केरल

(D) गुजरात

mpcareer.in

45. "One Sun, One World, One Grid (OSOWOG)" is a part of :

(A) Paris Agreement (PA)

(B) Kyoto Protocol (KP)

(C) International Solar Alliance (ISA)

(D) National Action Plan on Climate Change (NAPCC)

46. Which of the following Acts was passed in 1904 based on the report of the Raleigh Commission ?

(A) Indian Parliamentary Act

(B) Indian Universities Act

(C) Indian Postal Services Act

(D) Indian Police Services Act

47. Which of the following is known as the discoverer of Vedic Mathematics ?

(A) Bhaskaracharya

(B) Srinivasa Ramanujan

(C) Shankaracharya Bharti Krishna Tirtha

(D) Satyendra Nath Bose

48. Project Tiger was launched in India in the year :

(A) 1948 (B) 1957

(C) 1973 (D) 1978

45. ''एक सूर्य, एक विश्व, एक ग्रिड (OSOWOG)'' किसका हिस्सा है ?

(A) पेरिस समझौता

(B) क्योटो प्रोटोकॉल

(C) अन्तर्राष्ट्रीय सौर संगठन

(D) जलवायु परिवर्तन पर राष्ट्रीय कार्य योजना

46. रैले आयोग की रिपोर्ट के आधार पर निम्नलिखित में से किस अधिनियम को वर्ष 1904 में पारित किया गया ?

(A) भारतीय संसदीय अधिनियम

(B) भारतीय विश्वविद्यालय अधिनियम

(C) भारतीय डाक सेवा अधिनियम

(D) भारतीय पुलिस सेवा अधिनियम

47. निम्नलिखित में से किसे वैदिक गणित के खोजकर्ता के रूप में जाना जाता है ?

(A) भास्कराचार्य

(B) श्रीनिवास रामानुजन

(C) शंकराचार्य भारती कृष्ण तीर्थ

(D) सत्येंद्रनाथ बोस

48. भारत में प्रोजेक्ट टाइगर किस वर्ष में प्रारंभ किया गया था ?

(A) 1948 (B) 1957

(C) 1973 (D) 1978

mpcareer.in

49. The National Medical Commission was established on which date ?

(A) 4th July, 2020

(B) 24th November, 2022

(C) 26th January, 2023

(D) 25th September, 2020

50. Which of the following is *not* an object of National Education Policy-2020 ?

(i) Provision of multiple entry and multiple exit in higher education.

(ii) To increase the gross enrolment ratio in higher education including vocational education to 50% by 2035.

(iii) The formulation of a new and Comprehensive National Curricular Framework for School Education.

(iv) To establish a School Grants Commission for allocation and monitoring of the grants to schools in India.

Choose the correct option :

(A) (i) and (iii)

(B) (ii) and (iii)

(C) (iii) and (iv)

(D) (iv)

49. राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग निम्नलिखित में से किस तिथि को अस्तित्व में आया ?

(A) 4 जुलाई, 2020

(B) 24 नवंबर, 2022

(C) 26 जनवरी, 2023

(D) 25 सितंबर, 2020

50. निम्नलिखित में से कौनसा राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 का उद्देश्य **नहीं** है ?

(i) उच्च शिक्षा में बहुप्रवेश तथा बहुनिर्गमन का प्रावधान ।

(ii) व्यावसायिक शिक्षा के साथ उच्च शिक्षा में सकल नामांकन अनुपात को 2035 तक 50% तक बढ़ाना ।

(iii) विद्यालयीन शिक्षा के लिये एक नवीन एवं व्यापक राष्ट्रीय पाठ्यक्रम की रूपरेखा की स्थापना करना ।

(iv) भारत में विद्यालयीन शिक्षा संस्थानों को अनुदान देने एवं निगरानी हेतु विद्यालयीन अनुदान आयोग की स्थापना करना ।

सही विकल्प का चुनाव कीजिए :

(A) (i) एवं (iii)

(B) (ii) एवं (iii)

(C) (iii) एवं (iv)

(D) (iv)

mpcareer.in

(SPACE FOR ROUGH WORK)

रफ़ कार्य के लिए जगह

mpcareer.in

## (SPACE FOR ROUGH WORK)

### रफ़ कार्य के लिए जगह

mpcareer.in